भाकृअनुप– भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान
नबी बाग बैरसिया रोड भोपाल–38

फा. स. 1–20/24–25/प्रक्षेत्र/सेल/ दिनांकः–06.11.2024

नीलामी सूचना (Auction Notice)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, नबीबाग, बैरसिया रोड, भोपाल में लगभग 250 आँवला, 385 अमरूद एवं 52 नीबू के पेड़ों के फलों की नीलामी दिनांक 11.11.2024 को दोपहर 12.00 बजे होना निश्चित है जो भी व्यक्ति बोली लगाना चाहता है वे दिनांक 11.11.2024 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालयीन समय में फलदार पौधो को देख सकते है तथा दिनांक 11.11.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक सीलबंद बिड तथा धरोहर राशि रूपये 25000/– (केवल पच्चीस हजार) डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जो कि "ICAR Unit IISS Bhopal" के पक्ष में देय होगी, प्रेषित कर दें। नीलामी की बोली सीलबंद बिड के रूप में ऑफिस में निर्धारित तिथि/समय तक जमा की जानी चाहिए जो कि निर्धारित समय (11.11..2024 को दोपहर 12.30 बजे) पर खोली जायेगी । उच्चतम बोली लगाने वाले जिस व्यक्ति को साम्रगी दी जायेगी उसे 90% राशि एक सप्ताह में जमा करनी होगी । अन्यथा धरोहर राशि एवं जमा की गई राशि जब्त कर ली जायेगी ।

फलदार वृक्षों से फल ले जाने की अधिकतम समय सीमा 31.03.2025 तक रहेगी।

अन्य नियम एवं शर्तेः–

1. इच्छुक व्यक्ति/फर्म को संलग्न प्रोफार्मा पूर्ण रूप से भरकर सीलबंद लिफाफे में जमा करना होगा ।
2. आवेदन के साथ निवास/पहचान पत्र/आधार कार्ड की प्रति जमा करनी होगी ।

3. पौधों की नीलामी तिथि से 31.03.2025 तक देखरेख, पानी तथा अन्य जिम्मेदारी आवेदक की होगी । संस्थान पानी तथा परिवहन वहन नहीं करेगा ।
4. फलदार वृक्षो से फल ले जाने की अधिकतम सीमा 31.03.2025 रहेगी ।
5. सीलबंद आवेदन कार्यालय भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, नबी बाग, बैरसिया रोड, भोपाल में दिनांक 11.11.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक स्वीकार किये जायेगे ।
6. किसी भी विवाद की स्थिति में निदेशक, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल का निर्णय अन्तिम होगा ।
7. बोली गई धनराशि संस्थान भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल के POS Machine या ड्राफ्ट के रूप में संस्थान के आहरण एवं वितरण अधिकारी के पास जमा करनी होगी ।
8. यदि बोलीकर्ता द्वारा पूर्व में की गयी नीलामी में भाग लिया था तथा उसके द्वारा नीलामी बोली की राशि सहित प्रपत्र जमा करवा दिया गया था, वह उसमें परिवर्तन करने का हकदार होगा, यदि उसको यथावत रखना चाहता है तो उक्त अधिकार भी उसके पास होगा।

6/11/24

(प्रशासनिक अधिकारी)

संलग्नः— आवेदन पत्र

प्रतिलिपि::—

1. आहरण एवं वितरण अधिकारी, आईआईएसएस भोपाल।
2. वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, आईआईएसएस भोपाल।
3. प्रभारी एकेएमयू को संस्थान की वेबसाईट तथा संस्थान के सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रकाशित करने हेतु।
4. प्रभारी फार्म , आईआईएसएस भोपाल।
5. प्रभारी एफ.ए.सी, आईआईएसएस भोपाल।

ऑवला, नीबू एवं अमरूद के फलों की नीलामी हेतु आवेदन

1. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति /फर्म का नाम :-

2. पता फोन/मोबाइल न0 सहित :-

3. धरोहर राषि का विवरण :- डिमांड ड्राफ्ट मूल्य (संख्या रूपय 25000/-
ड्राफ्ट संख्या -----------
दिनांक -------- ICAR Unit, IISS के पक्ष में देय होगी

4. नीलामी में बोली/निर्धारित मूल्य :-

5. पहचान पत्र की प्रति का विवरण: (पैन कार्ड /आधार कार्ड/वोटर कार्ड/निवास पहचान पत्र)

मैं वचन देता हूँ कि उपरोक्त विवरण सत्य है तथा सभी नियम व षर्ते जो कि नीलामी सूचना में दर्षायी गई है, पूर्णतः मान्य है ।

दिनांकः-

हस्ताक्षर
नाम/फर्म का नामः-
पताः-

फोन न0: